# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY|CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

## MID TERM EXAMINATION- 2024-25

**HINDI**

Class : V | Duration : **3.00 Hrs**
Date : 26.09.2024 | Max. Marks : **80**
Admission No.: | Roll No.:

---

**<u>नोट</u> :** **प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |**
**कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |**
**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
**प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |**

---

### खंड क (अपठित बोध)

**प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए -** [5]

मैं पुस्तक हूँ | तुम्हारी अपनी पुस्तक | अगर तुम मुझसे प्यार करोगे तो बड़े बन जाओगे | मैं ज्ञान का भंडार हूँ | आदमी को आदमी मैंने बनाया है | आदमी पढ़ सकते हैं , पशु नहीं | मुझे ध्यान से पढ़ने वाला ज्ञानी बन जाता है | इसलिए मैं कहती हूँ की मुझे पढ़ा करो | मैं ये नहीं कहती की खेला मत करो | खेला भी करो और पढ़ा भी करो | पुस्तक हमारी सच्ची मित्र होती है | जब भी हमें अकेलापन लगे हमें पुस्तक से दोस्ती कर लेना चाहिए | पुस्तकों को जहाँ संग्रह किया जाता है उसे पुस्तकालय कहा जाता है |पुस्तक पढ़ने से हमें अकेलापन नहीं लगता है | ये हमें देश-दुनिया की सैर कराती है | पंचतंत्र की कहानियों को पढ़ने से मूर्ख राजकुमार ज्ञानवान बन गए थे | किताबों में सबसे लोकप्रिय किताब कहानियों की होती हैं क्योंकि ये हमारा मनोरंजन करती है और हमें अच्छी शिक्षा भी देती हैं | कहानियाँ पढ़ने से हमारी भाषा में भी सुधार होता है |

(i) प्रस्तुत गद्यांश में किससे प्यार करने के लिए गया है?

(क) खेल (ख) किताब (ग) पाठशाला (घ) वृक्ष

(ii) पुस्तक किसका भंडार है?

(क) हीरे का (ख) मोतियों का (ग) ज्ञान का (घ) पैसों का

(iii) किताब पढ़ने से हम क्या बन गए?

(क) इंसान (ख) जानवर (ग) महात्मा (घ) संन्यासी

(iv) कौन नहीं पढ़ सकता है?

(क) बच्चा (ख) इंसान (ग) पशु (घ) लेखक

(v) ध्यान से पढ़ने वाला क्या बन जाता है?

(क) ज्ञानी (ख) अज्ञानी (ग) मूर्ख (घ) नासमझ

(vi) पुस्तक पढ़ने के तीन फायदे लिखिए | [2]

(vii) कहानियों की किताब पढ़ने के तीन फायदे लिखिए | [2]

## खंड ख (व्याकरण बोध)

**प्रश्न.2 सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए -** [3]

(i) नदी का पर्यायवाची शब्द है –

(क) सरिता (ख) चाँद (ग) दामिनी (घ) विटप

(ii) बेटा का पर्यायवाची शब्द है –

(क) पुत्री (ख) पुत्र (ग) जनक (घ) तनया

(iii) आकाश का पर्यायवाची शब्द है-

(क) नभ (ख) सूरज (ग) चाँद (घ) धरा

**प्रश्न.3 सही विलोम शब्द चुनकर लिखिए -** [3]

(i) छोटी का विलोम शब्द है -

(क) गर्मी (ख) बड़ी (ग) सरल (घ) ऊँचा

(ii) साधारण का विलोम है -

(क) आसाधारण (ख) सरल (ग) दिन (घ) यश

(iii) कमजोर का विलोम शब्द है –

(क) बूढा (ख) ताकतवर (घ) कठिन (घ) हार

**प्रश्न.4 सही लिंग चुनकर लिखिए -** [3]

(i) गायक का स्त्रीलिंग रूप है –

(क) गाइका (ख) गायिका (ग) गायकों (घ) नायिका

(ii) मोर का स्त्रीलिंग रूप है –

(क) मोरिन (ख) मोरनी (ग) हंसिनी (घ) नेवली

(iii) राजा का स्त्रीलिंग रूप है -

(क) राजकुमारी (ख) रानी (ग) राजा (घ) प्रजा

**प्रश्न.5 सही वचन चुनकर लिखिए -** [2]

(i) चिड़िया का बहुवचन है -

(क) चिड़ियाँ (ख) चिड़ियाओं (ग) ) चिड़ी (घ) चिडिए

(ii) बात का बहुवचन है -

(क) बातें (ख) बतकही (ग) बाती (घ) बतरस

**प्रश्न.6 नीचे दिए गए वाक्यों में काल पहचानकर काल के भेद लिखिए –** [2]

(i) राहुल क्रिकेट खेलेगा |

(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) भविष्यकाल (घ) कोई भी नहीं

(ii) दीदी शरबत बना रही है |

(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) भविष्यकाल (घ) कोई भी नहीं

**प्रश्न.7 दिए गए भाववाचक संज्ञा शब्दों से वाक्य को पूर्ण कीजिए –** [2]

(i) ------------ में ताकत होती है |

(क) ऐक्य (ख) एकता (ग) एक बार (घ) अनेकता

(ii) बच्चे को बहुत -------- लगी है |

(क) भूख (ख) उपवास (ग) भोजन (घ) भूखा

**प्रश्न.8 सही सर्वनाम शब्द चुनिए –** [2]

(i) ------ किस्मत अच्छी थी |

(क) उसकी (ख) वह (ग) वे (घ) हम

(ii) -----------कुछ दे दो |

(क) मैं (ख) इसे (ग) क्या (घ) किसने

**प्रश्न.9 सही कारक चिह्न चुनिए –** [2]

(i) राजेश ---------कार बिगड़ गयी |

(क) का (ख) की (ग) पर (घ) ने

(ii) घड़े -------- पानी निकालो |

(क) से (ख) पर (ग) को (घ) ने

**प्रश्न.10 सही मुहावरे चुनिए –** [2]

(i) चोर पुलिस को देखकर ------ हो गए |

(क) नौ दो ग्यारह (ख) ईद का चाँद (ग) गले का हार (घ) कान भरना

(ii) वह -----------सो रहा है |

(क) घोड़े बेचकर (ख) अंधे की लाठी

(ग) हवा से बातें करना (घ) घी के दिए जलाना

**खंड ग (पाठ्यपुस्तक )**

**प्रश्न.11 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए -** [5]

मैं पानी हूँ | घरों में आप अनजाने में मुझे बेकार गँवा देते हैं जिसे थोड़ी-सी समझदारी से बचाया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर, सुबह ब्रश करते समय, मुँह-हाथ धोते समय, कपड़े धोते समय, नहाते समय आप नल को अनावश्यक चलने देते हैं तथा बर्तनों के भर जाने के बाद भी मुझे बेकार ही बहने देते हैं। कभी-कभी नल ख़राब होने से टपकने लगते हैं जिसे आप समय पर ठीक नहीं करवाते और मैं बहता ही रहता हूँ। अपनी तथा मेरी भलाई के लिए आपको यह रवैया बदलना होगा। यह तो आप स्वयं जानते हैं कि ‘जल ही जीवन है। ’

(i) यहाँ पर किसकी बचाने की बात हो रही?

(क) आग (ख) पानी (ग) वायु (घ) कागज़

(ii) ब्रश करते समय पानी को बचा सकते हैं –

(क) नल को बंद करके (ख) बारिश से (ग) बादल (घ) तेज हवा से

(iii) नल खराब होने पर हमें क्या कराना चाहिए?

(क) समय पर ठीक कराना चाहिए (ख) पानी टपकने देना चाहिए

(ग) पेड़ लगाना चाहिए (घ) बर्फ ज़माना चाहिए

(iv) पानी को बचाया जा सकता है –

(क) समझदारी से (ख) गुस्से से (ग) भाग कर (घ) नहर से

(v) जल ही जीवन है यह कथन है –

(क) सही (ख) गलत (ग) कुछ कह नहीं सकते (घ) दोनों

**प्रश्न.12 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-** [5]

यह कदंब का पेड़ अगर माँ, होता यमुना-तीरे,
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।
ले देतीं यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीचे हो जाती यह कदंब की डाली।
तुम्हें नहीं कुछ कहता पर मैं चुपके-चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्माँ, ऊँचे पर चढ़ जाता।
वहीं बैठ फिर बड़े मजे से मैं बाँसुरी बजाता,

अम्माँ-अम्माँ कह बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता।

(i) यहाँ पर किस पेड़ की चर्चा की गई है?

(क) आम (ख) जामुन (ग) कदंब (घ) बबूल

(ii) बालक क्या बनना चाहता है?

(क) राम (ख) नानक (ग) कृष्ण (घ) महावीर

(iii) यहाँ पर बालक किस नदी का नाम लेता है?

(क) नर्मदा (ख) यमुना (ग) कावेरी (घ) गंगा

(iv) बालक क्या बजाना चाहता है?

(क) तबला (ख) गिटार (ग) बाँसुरी (घ) पियानो

(v) वह कितने पैसे की बाँसुरी लेना चाहता है?

(क) चार पैसे (ख) दो पैसे (ग) एक पैसे (घ) तीन पैसे

**प्रश्न 13 नीचे दिए गए लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** [8]

(i) राजा ने तीनों पुत्रों को दरबार में बुलाकर क्या आज्ञा दी?

(ii) पानी भाप बनकर कहाँ छा जाता है?

(iii) ओमू ने राजू की कैसे मदद की?

(iv) गाँधी जी का अपने शिक्षकों के प्रति कैसा भाव था?

**प्रश्न 14 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** [12]

(i) गाँधी जी कोई तीन विशेषताए लिखिए |

(ii) पानी के कोई तीन उपयोग बताइये |

(iii) राजा ने अपने तीनो पुत्रो को क्या सीख दी?

(iv) ओमू के स्वभाव से आपने क्या सीखा?

## <u>खंड घ (लेखन कौशल )</u>

**प्रश्न 15** फल वाले और ग्राहक के बीच पचास शब्दों में संवाद लिखिए | [5]

**प्रश्न 16** मोबाइल से होने वाले नुकसान पर अनुच्छेद लिखिए| [5]

**प्रश्न 17** अपने बड़ी बहन की शादी में बुलाने के लिए मित्र को पत्र लिखिए | [5]

**प्रश्न 18 नीचे दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए |** [5]




------------------------------------------ समाप्त ------------------------------------------